हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार लोगो को तेल और गैस उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, प्रदेश मे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं - कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने कहा कि न्याय प्रक्रिया में तकनीकी के साथ मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता का भी महत्वपूर्ण स्थान है।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला छावनी से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों हेतु विशेष रेलगाड़ी रवाना की।

5. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

---

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कई देशों में भोजन, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि हर देश इस संकट से निपटने का प्रयास कर रहा है।

*भारत को बहुत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस ये जहां युद्ध चल रहा है ना इस युद्ध से प्रभावित इलाके से मंगवाता है, इसलिए सरकार हर वो कदम उठा रही है जिससे सामान्य परिवारों पर, हमारे किसान भाई बहनों पर इस संकट का बोझ न पड़े ।*

-------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लोगों को आश्वस्त किया कि मध्य -एशिया में बने हालातों के मद्देनजर राज्य में पैट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी तथा जमाख़ोरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई इस मामले में संलिप्त पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मध्य एशिया में युद्ध की स्थिति के बीच कुछ लोग आवश्यक वस्तुओं की कमी होने का भ्रम फैला रहे हैं प्रदेश में तेल की उपलब्धता को लेकर उन्होंने बताया –

उन्होंने कहा कि प्रदेश में रसोई गैस की स्थिति भी पूरी तरह संतोषजनक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारिक रसोई गैस की आपूर्ति भी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य में इस समय 28 हजार 377 किलोमीटर लंबी पी.एन.जी. पाइपलाइन बिछी हुई है। पाइपलाइन बिछाने के काम में और तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

-------------------------------------------------------------------------------------

पलवल के उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही ईंधन की कमी की खबरें बेबुनियाद हैं।
श्री वशिष्ठ ने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि गैस व पेट्रोल से संबंधित कोई भी समस्या आती है तो टोल फ्री नंबर 1950 पर सूचना दें। पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला,अतिरिक्त उपायुक्त डॉ सुभिता □ाका भी मौजूद रहे।

-------------------------------------------------------------------------------

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने कहा कि न्यायिक प्रणाली में प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग न्याय प्रक्रिया को सुगम और प्रभावी बनाने के लिए किया जाना चाहिए, लेकिन निर्णय लेने का अधिकार और जिम्मेदारी न्यायाधीशों के पास ही रहनी चाहिए। न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह ने आज राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय तथा चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के सहयोग से "प्रौद्योगिकी के माध्यम से कानून की भूमिका को आगे बढ़ाना 'चुनौतियाँ और अवसर' विषय पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि न्याय केवल मामलों का तकनीकी या यांत्रिक तरीके से निपटारा करने का विषय नहीं है, बल्कि इसमें मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनशीलता का भी महत्वपूर्ण स्थान है। तकनीक, एल्गोरिदम और एआई न्यायिक प्रणाली को जानकारी उपलब्ध कराने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन इन्हें न्याय देने वाले के रूप में नहीं देखा जा सकता।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू ने न्यायिक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की बढ़ती भूमिका पर बल देते हुए कहा कि तकनीक न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है, किन्तु इसके उपयोग में न्याय के मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अंबाला छावनी से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष रेलगाड़ी को झंडी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने तीर्थ यात्रा के लिए रेलवे के साथ अनुबंध किया है। आज पहली रेल से सात जिलों के 700 बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए रेल में खान-पान और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने कहा कि अगले महीने अप्रैल के आखिरी सप्ताह में श्री हजूर साहिब के लिए विशेष रेल भेजी जाएगी।

---------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 132 वां एपिसोड होगा। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, AIR न्यूज़  वेबसाइट और Newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार ,प्रधानमंत्री कार्यालय   और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के YouTube चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद इस कार्यक्रम को क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित करेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------

भारतीय जनता युवा मोर्चा फरीदाबाद द्वारा  आज जेसी बोस वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री राजेश नागर ने किया। श्री विपुल गोयल ने कहा

उन्होंने युवाओं को कौशल विकास पर जोर देने और अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी।राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार उद्योगों और छात्रों के बीच बेहतर संपर्क बनाने के प्रयास कर रहा है। आज  रोजगार मेले में

लगभग 5 हजार युवाओं ने पंजीकरण कराया  और निर्माण, आई टी , सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों  की 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

-----------------------------------------------------------------------------------------